## कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (समग्र शिक्षा), हमीरपुर

पत्रांकः समग्र शिक्षा--के0जी0बी0वी0 / 4108-13 / 2026--27 दिनांकः 04 जुलाई, 2026

### प्रेस विज्ञप्ति

शासनादेश संख्याः 1553 / 68--5--2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग--5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर, 2020 एवं शासनादेश संख्या--2805 / 68--5--2023--02 / 2020 दिनांक 01 फरवरी, 2023 के अनुक्रम में महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा विद्या भवन निशातगंज, लखनऊ से निर्गत पत्र संख्याः के0जी0बी0वी0 / 11308 / 2022--23 दिनांक 14 फरवरी, 2023, पत्र संख्याः के0जी0बी0वी0 / 1121 / 2023--24 दिनांक 25 अप्रैल, 2023 एवं पत्रांकः के0जी0बी0वी0 / जि0सम0बै0 / 157 / 2026--26 दिनांक 08 अप्रैल, 2025 के क्रम में जिलाधिकारी महोदय से दिनांक 01.07.2026 को अनुमोदन प्राप्त कर जनपद में संचालित कक्षा 6 से 12 तक के 07 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पदों पर नवीन चयन / पदस्थापन / संविदा 11 माह 29 दिन / 28 फरवरी, 2027 जो भी पहले हो, के सेवा अनुबन्ध के आधार पर राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित मानदेय पर निम्नलिखित शैक्षिक व शिक्षणेत्तर कार्मिकों का चयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। यह विज्ञप्ति / चयन विशेष अनुज्ञा याचिका संख्याः 13563 / 2022 स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर बनाम सरोज मौर्या व अन्य में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम आदेश के अधीन होगी। कक्षा 6 से 8 तक के स्टाफ में 21 रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् है--

| क्र0 सं0 | पद का नाम | शैक्षिक योग्यता | आयु सीमा (पूर्ण वर्षो मे) 01 अप्रैल, 2026 को | निर्धारित मानदेय (धनराशि रू0 मे) प्रतिमाह ई0पी0एफ0 नियोक्ता अंशदान सहित | आरक्षण वार रिक्त पदों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु0 जाति / अनु0 जनजाति | कुल योग |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (गणित) | पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 25-45 | 24200.00 | 1 | 1 | -- | 2 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (विज्ञान) | जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 25-45 | 24200.00 | 1 | -- | -- | 1 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (अँग्रेजी) | अँग्रजी विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 25-45 | 24200.00 | 1 | -- | -- | 1 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका (हिन्दी) | अँग्रजी विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 25-45 | 24200.00 | 1 | -- | -- | 1 |
| 5 | अंशकालिक शिक्षिका (कला--संगीत) | प्रशिक्षित स्नातक | 25-45 | 12181.00 | 1 | 1 | -- | 2 |
| 6 | अंशकालिक शिक्षिका (शारीरिक शिक्षा) | प्रशिक्षित स्नातक बी0पी0एड0 | 25-45 | 12181.00 | 1 | 1 | -- | 2 |
| 7 | अंशकालिक शिक्षिका (कम्प्यूटर) | कम्प्यूटर प्रशिक्षित स्नातक | 25-45 | 12181.00 | 1 | -- | -- | 1 |
| 8 | लेखाकार | स्नातक वाणिज्य तथा एम0एस0 आफिस पर कार्य का ज्ञान, डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर में ओलेवल डिप्लोमा अथवा समकक्ष अन्य योग्यता की दशा में वरीयता दी जायेगी। | 25-45 | 13673.00 | 1 | -- | -- | 1 |
| 9 | मुख्य रसोईया | कक्षा --8 उत्तीर्ण तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए। | 25-45 | 6433.00 | 1 | 1 | -- | 2 |
| 10 | सहायक रसोईया | कक्षा --8 उत्तीर्ण तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए। | 25-45 | 6433.00 | 3 | 2 | 2 | 7 |
| 11 | चौकीदार | कक्षा --8 उत्तीर्ण तथा अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए। | 25-45 | 7147.00 | 1 | -- | -- | 1 |
| | | कुल योग | | | 13 | 6 | 2 | 21 |

AB

**नोट–समस्त पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा, इसलिए पुरूष अभ्यर्थी आवेदन न करें। पदों की संख्या घट–बढ सकती है।**

उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से दिनांक 25 जुलाई, 2026 को सायं 04:00 बजे तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद हमीरपुर –210301 (जिला अस्पताल के सामने) में प्राप्त कराया जायेगा। **केवल रजिस्टर्ड डाक ही मान्य है, अन्य किसी माध्यम से भेजा गया आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। दिशा–निर्देश सम्बन्धित विवरण निम्नवत है–**

1. आवेदन पत्र साफ एवं सुन्दर अक्षरों में सुस्पष्ट हस्तलिखित/अंकित ही स्वीकार्य होगा जिस पर अभ्यर्थी का पूर्ण बायोडाटा अंकित होना अनिवार्य है।
2. समस्त पदों पर यथा – पूर्ण कालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, मुख्य रसोईयां व सहायक रसोईयां चौकीदार व चपरासी के पदों पर महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा।
3. पूर्ण कालिक शिक्षिका, अंश कालिक शिक्षिका के पदों पर चयन मेरिट के आधार पर किया जायेगा। अभ्यर्थी के चयन हेतु भारांक के अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार से किया जायेगा–

| क्रम सं0 | परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 2 | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 3 | स्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 |
| 4 | प्रशिक्षण | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 30/100 |
| 5 | भारांक– कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्यरत अनुभव (केवल कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हुये हो) | प्रत्येक पूर्ण अध्यापन वर्ष के लिए 02 अंक, अधिकतम 30 अंक तक, जो भी कम हो। |

नोटः –

**(क)** यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक समान हो तो ऐसे अभ्यर्थी का नाम, जो आयु में ज्येष्ठ हो सूची में उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा।

**(ख)** यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक और आयु समान हो तो ऐसे अभ्यर्थी का नाम, अंग्रेजी वर्णमाला कम के अनुसार सूची में रखा जायेगा।

4. सहायक रसोइयां का पद पूर्ण कालिक होगा। इनके लिए महिला होना और विद्यालय में निवास करना अनिवार्य है। इनका चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। इनका साक्षात्कार 50 अंकों का होगा, जिसमें शारीरिक क्षमता हेतु 20 अंक पाक विद्या के ज्ञान हेतु 20 अंक तथा अनुभव हेतु 10 अंक निर्धारित होगें।
5. चौकीदार का पद पूर्णकालिक होगा तथा इनके साक्षात्कार के लिए 50 अंक निर्धारित होगें, जिसमें शारीरिक स्वास्थ्य हेतु 25 अंक तथा सामान्य ज्ञान हेतु 25 अंक निर्धारित होगें।
6. चयन समिति द्वारा रिक्त पद के सापेक्ष 05 अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची तैयार की जायेगी, जिसे आवश्यकतानुसार प्रयोग किया जा सके। शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर पदों हेतु प्रतीक्षा सूची जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदन प्रदान करने की तिथि से एक वर्ष तक मान्य होंगी।
7. चयन समिति द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में चयनित अभ्यर्थियों की पृथक–पृथक श्रेष्ठता सूची तैयार की जायेगी।
8. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में विषयवार/पदवार रिक्त पदों की सूची नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जायेगी, जिसके सापेक्ष समस्त चयनित अभ्यर्थियों को विकल्प चयन का अवसर प्रदान किया जायेगा।
9. सर्वप्रथम विकलांग महिला अभ्यर्थियों को उनके श्रेष्ठता कम के अनुसार काउन्सलिंग कराने हेतु चयन समिति के सम्मुख विद्यालय चयन का विकल्प प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जायेगा। चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियों के सम्मुख नोटिस बोर्ड पर चस्पा विद्यालय की सूची के समरूप सूची के रखी जायेगी। उक्त सूची में से अन्यर्थी एक रिक्त विद्यालय के सम्मुख अपना नाम विषय एवं हस्ताक्षर अंकित करेगा। उक्त प्रकिया प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा पूर्ण की जायेगी।
10. उक्त प्रक्रिया से काउन्सलिंग के माध्यम से प्रत्येक चयनित अभ्यर्थी से विकल्प प्राप्त किये जायेगें। मेरिट के आधार पर विकल्प नही देने की स्थिति में समिति द्वारा उक्त अभ्यर्थी का उपलब्ध विद्यालय में पदस्थापन की कार्यवाही की जायेगी।
11. सभी पदों पर मानदेय राज्य परियोजना कार्यालय के समय–समय पर दिये गये निर्देशों के अनुसार देय होगा।
12. आवेदन पत्र पर आवेदित पद का नाम, वर्ग विषय के साथ लिफाफे के ऊपर स्पष्ट मोटे अक्षरों में "कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों हेतु आवेदन पत्र" अंकित होना आवश्यक है अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

13. आवेदन पत्र के साथ अंक–पत्रों व प्रमाण–पत्रों (शैक्षिक एवं प्रशिक्षण) चरित्र प्रमाण पत्र जन्मतिथि प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र जो सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त हो, की स्व–प्रमाणित प्रतियां संलग्न किये जाएं। साक्षात्कार/काउन्सिलिंग के समय समस्त उपरोक्त सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
14. आवेदन के साथ स्वयं का पत्राचार का लिखा दो लिफाफें जिसमें प्रत्येक पर रू045.00 (रूपये पैंतालिस मात्र) का डाक टिकट लगा हो संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होगा।
16. राज्य सरकारों के निर्धारित प्रावधानों के अन्तर्गत आरक्षण देय होगा।
17. आयु की गणना 01 अप्रैल, 2026 से की जायेगी।
18. किसी सेवा से बर्खास्त नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नहीं होगें। यदि चयनोपरान्त उक्त तथ्य प्रकाश में आता है तो बिना किसी नोटिस के संविदा समाप्ति कर दी जायेगी।
19. अस्पष्ट, अपूर्ण एवं हस्ताक्षर न किये गये आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।
20. अभ्यर्थियों को काउन्सिलिंग/साक्षात्कार के लिए आने पर कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।
21. समस्त पदों पर महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
22. पूर्ण कालिक शिक्षिका, चौकीदार, मुख्य रसोइयां एवं सहायक रसोइयां के पद पर नियुक्ति के उपरान्त विद्यालय में रात्रि निवास करना अनिवार्य होगा।
23. के0जी0बी0वी0 के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो गये है उन्हें प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के उपरान्त ही नवीन चयन में आवेदन करने पर के0जी0बी0वी0 में की गयी सेवा अवधि के प्रत्येक सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिए 02 प्रतिशत अतिरिक्त भारांक दिया जायेगा, किन्तु अधिकतम भारांक 30 प्रतिशत से अधिक नही दिया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र में इस बात का स्पष्ट उल्लेख हो कि उसे के0जी0बी0वी0 की नवीन संविदा से 2022–23 में शासनादेश के क्रम में से बंचित कर दिया गया है।
24. उक्त पद शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिए होगा। कार्य एवं व्यवहार संतोषजनक पाये जाने पर संविदा अवधि अगले शैक्षिक सत्र के लिए बढ़ाई जा सकती है। कार्य एवं व्यवहार संतोषजनक न होने पर बिना किसी पूर्व नोटिस के संविदा किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।
25. पदवार/विषयवार रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है।
26. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन करना होगा। एक ही आवेदन पत्र में एक से अधिक पदों का उल्लेख करने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।
27. बिना किसी सूचना के विज्ञप्ति सक्षम स्तर द्वारा निरस्त की जा सकती है।

**नोट–समस्त पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा, इसलिए पुरूष अभ्यर्थी आवेदन न करें। पदों की संख्या घट–बढ सकती है।**

उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से दिनांक 25 जुलाई, 2026 को सायं 04:00 बजे तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद हमीरपुर –210301 (जिला अस्पताल के सामने) में प्राप्त कराया जायेगा। **केवल रजिस्टर्ड डाक ही मान्य है, अन्य किसी माध्यम से भेजा गया आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। उक्त पदों पर चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन, अर्हता एवं दिशा–निर्देश एवं आवदेन पत्र का प्रारूप जनपद की एन०आई०सी० की वेबसाईट www.hamirpur.nic.in व कार्यालय के सूचना पर उपलब्ध है।**

04/07/26
(मुकेश खरवार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
हमीरपुर

**पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक यथोपरि्।**

**प्रतिलिपि** : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, लखनऊ उत्तर प्रदेश।
2. जिलाधिकारी महोदय, हमीरपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी, हमीरपुर।
4. उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सुमेरपुर जपनद हमीरपुर।
5. जिला विज्ञान अधिकारी, हमीरपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को एन0आई0सी0 के पोर्टल पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
6. जिला सम्पादक – हिन्दूस्तान, अमर उजाला, दैनिक जागरण, दैनिक आज व पायनियर संस्करण हमीरपुर को इस आशय से प्रेषित कि न्यूनतम स्थान पर (20X12 से0मी0) एवं न्यूनतम शासकीय दरों पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें, तथा बिल दो प्रतियों में प्रमाणित कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

04/07/26
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
हमीरपुर

## कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में सत्र 2026–27 में संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

नवीनतम फोटो
स्व हस्ताक्षरित

1. विज्ञापन संख्या :–
2. आवेदित पद का नाम :–
3. आवेदित विषय का नाम :–
4. आवेदक का नाम :–
   (हाईस्कूल अंक पत्र के अनुसार)
5. लिंग :–
6. पिता का नाम :–
7. पति / पत्नी का नाम :–
8. स्थाई पता :–
9. पत्राचार का पता :–
10. दूरभाष नम्बर एवं ई–मेल :–
11. जन्मतिथि :–
12. दिनांक 01.04.2026 को आयु ........................ वर्ष.............................. माह.................... दिन..................
13. राष्ट्रीयता :–
14. आरक्षित श्रेणी (1. सामान्य, 2. अ०पि०वर्ग, 3. अनुसूचित जाति, 4. अनु०जन जाति. 5. EWS) ..................
15. आधार नंबर :–
16. के0जी0बी0वी0 में कार्य करने का अनुभव यदि कोई हो (छायाप्रति संलग्न करें)

**नोटः–** प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र में इस बात का स्पष्ट उल्लेख हो कि वर्तमान में आप प्रदेश में किसी भी के0जी0बी0वी0 में कार्यरत नहीं है। वर्ष 2020–21 में शासनादेशों के आलोक में आपकी संविदा का नवीनीकरण नहीं किया गया।

17. शैक्षिक योग्यता :–

| क्रम सं0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जू0हा0स्कूल (कक्षा 8) | | | | | | |
| 2 | हाईस्कूल | | | | | | |
| 3 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 4 | स्नातक | | | | | | |
| 5 | प्रशिक्षित स्नातक (बी0एड0 / एल0टी0) | | | | | | |
| 6 | कम्प्यूटर | | | | | | |
| 7 | टी0ई0टी0 | | | | | | |
| 8 | अन्य | | | | | | |

### घोषणा पत्र

मैं ........................................................................ पुत्र / पुत्री / पत्नी ............................................ एतद द्वारा यह घोषणा करती हूँ कि मैंने विज्ञप्ति की पात्रता शर्तों को पूरी सावधानी पूर्वक पढ़ लिया है। इस आवेदन पत्र में दिया गया सम्पूर्ण विवरण / सूचना सत्य है और मैंने इस विवरण / सूचनाओं में कोई तथ्य गोपन नही किया गया है। यदि कोई विवरण / सूचना आदि असत्य / गलत पायी जाये अथवा कोई तथ्य मेरे द्वारा छिपाया हुआ पाया जाये तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाये। यदि नियुक्ति होने के उपरान्त विपरीत तथ्य प्रकाश में आये तो मेरी सेवाएं समाप्त कर दी जाये तथा नियमानुसार कार्यवाही की जाये। आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओ से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र / अंक पत्र आवेदन करने की तिथि में मेरे पास उपलब्ध है।

दिनांक :......................................

स्थान :.......................................

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर
(पूरा नाम व पता सहित)